**NEWS CLIPPING: 01.06.2017**

**DAINIK Bhaskar**

**तैयारी** विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला की प्रकिया हुई शुरू, 60 सीटों के साथ फिजिक्स में बीएससी (ऑनर्स) कोर्स हो रहा है शुरू

# वाईएमसीए में इस सत्र से 2 नए कोर्स, छात्रों को होगा फायदा

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन व कला में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिलों का कार्यक्रम जारी किया है। आगामी शैक्षणिक सत्र से फिजिक्स में बीएससी (ऑनर्स) व रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कामर्स, ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ एमबीए के नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से किए जा सकेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार नए पाठ्यक्रमों को क्षेत्रीय मांग व औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू करने का निर्णय लिया गया है। तीन वर्षीय बीएससी ऑनर्स (फिजिक्स) को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा लाभ ऐसे विद्यार्थियों को होगा जो भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा हासिल करने की इच्छा रखते हैं। एमबीए के नए पाठ्यक्रम को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है, जो रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कामर्स एवं ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ होगा। विश्वविद्यालय द्वारा फाइनेंशियल,



ह्यूमन रिसोर्स व मार्केटिंग मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के साथ एमबीए पाठ्यक्रम पहले से चल रहा है। विश्वविद्यालय में दाखिलों के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार एमबीए, एमसीए, एमएससी के सभी पाठ्यक्रमों, एमए (पत्रकारिता व जनसंचार) एवं फिजिक्स में बीएससी (ऑनर्स) के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा मैथ, फिजिक्स, केमिस्ट्री व एनवायरमेंटल साइंस विषयों में दो वर्षीय एमएससी पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई रखी गई है। इसी प्रकार दो वर्षीय एमटेक के सभी पाठ्यक्रमों व दो वर्षीय एमसीए लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून से किया जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई रहेगी। विश्वविद्यालय द्वारा एमटेक में आठ पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसमें कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग टेक्नालॉजी व ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटल इंजीनियरिंग, इनफॉर्मेशन टेक्नालॉजी, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, वीएलएसआई टेक्नालॉजी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं। पीएचडी कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 जून से किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रवेश परीक्षा व मैरिट के आधार पर होगा। इस संबंध में पूरी जानकारी यूनिवर्सिटी की साइट पर देखी जा सकती है।

**NEWS CLIPPING: 01.06.2017**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए विवि में दाखिले का शेड्यूल जारी

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग, एमबीए, पीएचडी समेत विभिन्न कोर्सों के दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रवेश परीक्षा व मेरिट के आधार पर होगा।

एमबीए, एमसीए, एमएससी के सभी पाठ्यक्रम, एमए पत्रकारिता व जनसंचार, फिजिक्स में बीएससी ऑनर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा मैथ, फिजिक्स, केमिस्ट्री व एनवायरमेंटल साइंस विषयों में दो वर्षीय एमएससी पाठ्यक्रमों का संचालन भी किया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों में 4 जुलाई तक आवेदन किया जा सकेगा। जबकि दो वर्षीय एमटेक, एमसीए लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून से किया जा सकेगा। अंतिम तिथि 21 जुलाई रहेगी। विवि द्वारा एमटेक में आठ पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमें कंप्यूटर इंजीनियरिंग, मैन्युफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी व ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटल इंजीनियरिंग, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर नेटवर्किंग, वीएलएसआई टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं। पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 जून से शुरू होगा। अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रवेश परीक्षा व मेरिट के आधार पर होगा।

## वाईएमसीए से बीएससी ऑनर्स- एमबीए करें

फरीदाबाद (ब्यूरो)। वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए दो नए कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ने बीएससी ऑनर्स के अलावा रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई कॉमर्स तथा ट्रेवल व टूरिज्म विषय में एमबीए पाठ्यक्रम शुरू किया है। फिजिक्स में तीन वर्षीय बीएससी ऑनर्स 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है। जिसका सबसे ज्यादा लाभ भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा। एमबीए का नया पाठ्यक्रम भी 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 01.06.2017**

**HINDUSTAN**

# भौतिकी ऑनर्स-एमबीए का पाठ्यक्रम शुरू

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

## अवसर

- वाईएमसीए विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें
- प्रत्येक पाठ्यक्रम में 60-60 विद्यार्थियों का होगा दाखिला

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2017-18 के पाठ्यक्रम में बीएससी भौतिकी (ऑनर्स) तथा एमबीए (रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स तथा ट्रेवल और टूरिज्म) में विशेषज्ञता के साथ नये पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।

दोनों विषय में 60-60 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया गया है। तीन वर्षीय बीएससी ऑनर्स (भौतिकी) में 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।

इसी प्रकार, एमबीए के नए पाठ्यक्रम को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है। इसमें रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स तथा ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता होगी। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय में अभी मानव संसाधन, वित्तीय और विपणन प्रबंधन विशेषज्ञता के साथ एमबीए पाठ्यक्रम की पढ़ाई चल रही है।

**पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन कर सके हैं आवेदन :** एमबीए, एमसीए, एमएससी, एमए (पत्रकारिता व जनसंचार) भौतिकी में बीएससी (ऑनर्स) सहित कई विषयों के लिए 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं, दो वर्षीय पाठ्यक्रम गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और एनवायरमेंटल साइंस पाठ्यक्रम के लिए 4 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक दो वर्षीय एमटेक तथा दो वर्षीय एमसीए लेटरल एंट्री के लिए 20 जून से आवेदन कर सकते हैं। जबकि इसकी अंतिम तारीख 21 जुलाई रहेगी।

एमटेक के कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, मैन्युफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटल इंजीनियरिंग, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, वीएलएसआई टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं। इसके अलावा पीएचडी कार्यक्रम के लिए 5 जून से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है।

**NEWS CLIPPING: 01.06.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# वाईएमसीए में इस सेशन से दो नए कोर्स

## 10 जून से शुरू होंगे आवेदन

■ **वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद**

**वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी ने सेशन 2017-18 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन और कला में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन व पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिलों का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है।

साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र से फिजिक्स में बीएससी (ऑनर्स) और रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स, ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ एमबीए के नये पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के माध्यम से किये जा सकेंगे।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नये पाठ्यक्रमों को क्षेत्रीय मांग और औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू करने का निर्णय लिया गया है। बीएससी ऑनर्स (फिजिक्स) को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।

एमबीए के नए पाठ्यक्रम को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है, जो रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स और ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ होगा।

यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से किए जा सकेंगे। मैथ, फिजिक्स, कैमिस्ट्री व एनवॉयरनमेंटल साइंस दो वर्षीय एमएससी के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तिथि 4 जुलाई है।

**यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से किए जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन**

इसी प्रकार, दो वर्षीय एमटेक के सभी पाठ्यक्रमों और दो वर्षीय एमसीए लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून से होंगे। इसकी आखिरी तारीख 21 जुलाई है। पीएचडी कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 जून से किए जा सकते हैं। इसकी आखिरी तारीख 30 जून है। माना जा रहा है कि नए कोर्सों से स्टूडेंट्स को काफी फायदा मिलेगा और इनसे उनके करियर को काफी मदद मिलेगी।

**NEWS CLIPPING: 01.06.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विवि में आगामी शिक्षण सत्र से शुरू होंगे दो नए कोर्स

## फिजिक्स में बीएससी (ऑनर्स) 60 सीटों के साथ हो रहा है शुरू

फरीदाबाद, 31 मई (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन तथा कला में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिलों का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है।

आगामी शैक्षणिक सत्र से फिजिक्स में बीएससी (ऑनर्स) तथा रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स तथा ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ एमबीए के नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नये पाठ्यक्रमों को क्षेत्रीय मांग तथा औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू करने का निर्णय लिया गया है। तीन वर्षीय बीएससी ऑनर्स (फिजिक्स) को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है, जिसका सबसे ज्यादा लाभ ऐसे विद्यार्थियों को होगा जो भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा हासिल करने की इच्छा रखते है। इसी प्रकार, एमबीए के नए पाठ्यक्रम को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है जो रिटेल मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स तथा ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ होगा। विश्वविद्यालय द्वारा फाइनेंशियल, ह्युमन रिसोर्स व मार्केटिंग मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के साथ एमबीए पाठ्यक्रम पहले से चल रहा है।

विश्वविद्यालय में दाखिलों के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार एमबीए, एमसीए, एमएससी के सभी पाठ्यक्रमों, एम.ए. (पत्रकारिता व जनसंचार) तथा फिजिक्स में बीएससी (ऑनर्स) के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से किये जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा मैथ, फिजिक्स, केमिस्ट्री व एनवायरमेंटल साइंस विषयों में दो वर्षीय एमएससी पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई रखी गई है। इसी प्रकार, दो वर्षीय एमटेक के सभी पाठ्यक्रमों तथा दो वर्षीय एमसीए लैटरल इंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून से किया जा सकेंगे तथा आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई रहेगी। विश्वविद्यालय द्वारा एमटेक में आठ पाठ्यक्रम चलाए जा रहे है, जिसमें कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी व ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटल इंजीनियरिंग, इनफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, वीएलएसआई टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं। पीएचडी कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 जून से किए जा सकते है और आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला टेस्ट के आधार पर होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 01 June 2017
epaper.punjabkesari.in//c/19469708

**NEWS CLIPPING: 01.06.2017**

**PIONEER HINDI**

# नए सत्र से वाईएमसीए में होगी एमबीए की भी पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा फरीदाबाद।

**वाईएमसीए** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन और कला में स्नातक, स्नातकोत्तर के साथ पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिलों का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। आगामी शैक्षणिक सत्र से फि जिक्स में बीएससी ऑनर्स और रिटेल, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स व ट्रैवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ एमबीए के नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के माध्यम से किए जा सकेंगे।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए पाठ्यक्रमों को क्षेत्रीय मांग और

## यूनिवर्सिटी में नए शैक्षणिक सत्र से बीएससी फिजिक्स ऑनर्स की शुरुआत

औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू करने का निर्णय लिया गया है। तीन वर्षीय बीएससी ऑनर्स, फि जिक्स को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा लाभ ऐसे छात्रों को होगा, जो फि जिक्स के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा हासिल करने की इच्छा रखते हैं। एमबीए के नए पाठ्यक्रम को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है, जो रिटेल, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स, ट्रेवल व टूरिज्म में विशेषज्ञता के साथ होगा। यूनिवर्सिटी द्वारा फ इनेंशियल, ह्युमन रिसॉर्स व मार्केटिंग



**कॉलेज कैंपस में मौजूद छात्र-छात्राएं** **-फाइल फोटो**

मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के साथ एमबीए पाठ्यक्रम पहले से चल रहा है। यूनिवर्सिटी में दाखिलों के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार एमबीए, एमसीए, एमएससी के सभी पाठ्यक्रमों, एमए पत्रकारिता व जनसंचार तथा फिजिक्स में बीएससी ऑनर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से किए जा सकेंगे। मैथ, फि जिक्स, कै मिस्ट्री व एनवायरमेंटल साइंस विषयों में दो वर्षीय एमएससी पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इन पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि चार जुलाई रखी गई है। दो वर्षीय एमटेक के सभी पाठ्यक्रमों और दो वर्षीय एमसीए लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून से किया जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई रहेगी। यूनिवर्सिटी द्वारा एमटेक में आठ पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसमें कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, मैन्युफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी व ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटल इंजीनियरिंग, इनफ र्मिशन टेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, वीएलएसआई टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं। पीएचडी कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन पांच जून से किये जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रवेश परीक्षा व मेरिट के आधार पर होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।